हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 20 मई 2025

तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री



13 सिंगल यूज प्लास्टिक संग्रहण बना महिलाओं ...





14 मदकू द्वीप में महिला समूहों ने चलाया स्वच्छता...






### राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

# रेत का अवैध परिवहन : 9 ट्रैक्टर जब्त, माफियाओं में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल





राजस्व और पुलिस विभाग के संयुक्त दल ने रविवार की अलसुबह तकरीबन 5 बजे ग्राम खर्वे में महानदी से अवैध रेत परिवहन करते 7 ट्रैक्टर को पकड़कर माइनिंग एक्ट के तहत कार्रवाई की। इसके पूर्व भी बीते शनिवार को 2 ट्रैक्टर पर कार्रवाई की गई थी। सभी ट्रैक्टर चालक राजस्व की टीम को आते देख चालक इधर उधर रेत खाली कर भागने लगे, लेकिन राजस्व विभाग के नायब तहसीलदार ईश्वर केंवट द्वारा घेराबन्दी कर 7 ट्रैक्टर को पकड़ा।

विदित हो कि कसडोल मुख्यालय से लगे महानदी में दिन और रात रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा है, जिसे रोकने राजस्व विभाग की टीम लगातार कार्रवाई करते नजर आ रही है। इसी दौरान शनिवार रात से संयुक्त दल की टीम अवैध उत्खनन परिवहन करने वालों पर अपनी पैनी नजर बनाए हुए थी, जहां सुबह 5 बजे खरवे में कार्रवाई की गई। इधर कार्रवाई के बाद ग्रामीणों की मौजूदगी में पंचनामा कर कसडोल थाना के सुपुर्द किया गया है। नायब तहसीलदार ईश्वर केवट ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर लगातार रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन में संलिप्त वाहनों पर कार्रवाई की जा रही है, अभी 9 ट्रैक्टर को पकड़ा गया है, जहां भी रेत से जुड़े मामलों में वाहनों की संलिप्तता होगी माइनिंग अधिनियम के तहत कार्रवाई की जायेगी।

# फ्लाइएश ने ग्रामीणों का जीना किया मुहाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

■ सड़क किनारे और ग्रामीण इलाकों में डंप की जा रही कायेला की जली राख, ग्रामीण पड़ रहे बीमार

क्षेत्र में विकास की आड़ में अब जहर फैलाया जा रहा है। चिचोली से आरंग तक मार्ग पर भारी मात्रा में फ्लाईएश सड़क किनारे और ग्रामीण इलाकों में डंप किया जा रहा है, जिससे स्थानीय जनजीवन प्रभावित हो रहा है। पहले जहां सड़क किनारे ग्रामीणों की जमीन में फ्लाई ऐश फेंका जा रहा था, वहीं अब डामर रोड पर ही फ्लाई ऐश बिना अनुमति के डाला जा रहा है।

हैरानी की बात है कि संबंधित विभागों के जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर स्थिति से पूरी तरह बेखबर हैं। इस मार्ग पर सुबह से रात तक उड़ती राख और धूल लोगों की सांसों में जहर घोल रही है। फ्लाइऐश, जो कोयला जलने के बाद उत्पन्न होने वाला महीन पाउडर है, अब सड़क और जलस्त्रोत दोनों को प्रदूषित कर रहा है। इससे भूजल भी दूषित हो रहा है, जिससे आस-पास के गांव जैसे घीवरा, माठ, बंगोली, कोटा और मुरा के लोग प्रभावित हो रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अब सड़कें ही नहीं, उनका जीवन भी फ्लाइऐश से पट गया है। सांस की बीमारियां, ▶▶ शेष पेज 13 पर

### क्या कहा अधिकारियों ने

पर्यावरण अधिकारी आरके शर्मा से पूछने पर उन्होंने लिखित शिकायत की सलाह दी, जबकि क्षेत्रीय अधिकारी प्रकाश आर रवाडे ने पिछले 15 दिनों में फोन तक नहीं उठाया। अब देखना यह है कि भीषण गर्मी में जिम्मेदार अधिकारी अपने एसी कमरों से बाहर निकलकर कब कार्रवाई करते हैं, या फिर खरोरा की हवा और पानी यूं ही जहरीले होते रहेंगे।

# 19 किलो गांजा जब्त दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी



■ लग्जरी कार से कर रहे थे गांजा की तस्करी

सलिहा पुलिस ने लग्जरी कार में गांजे की तस्करी कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 19 किलो गांजा, एक स्विफ्ट डिजायर कार, मोबाइल फोन समेत अन्य सामान बरामद किया है। जब्त सामग्री की कुल कीमत लगभग 8 लाख 14 हजार रुपए बताई जा रही है। थाना प्रभारी रूपेंद्र नारायण साय ने बताया कि उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक कार में ओडिशा की ओर से गांजा लेकर कुछ संदिग्ध आ रहे हैं। पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए नारायण पटेल के ढाबा पास टीम के साथ घेराबंदी की और स्विफ्ट डिजायर CG-1BF-0857 कार को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार की डिग्गी में 19 किलो गांजा बरामद हुआ। मौके से दो आरोपियों पुरुषोत्तम साहू 24 और सुरेंद्र लहरे ▶▶ शेष पेज 13 पर

### लापरवाही पड़ी भारी, अमेठी पंचायत का सचिव निलंबित

**बलौदाबाजार।** उच्च अधिकारियों के निर्देशों का अवहेलना तथा कर्तव्य में लापरवाही बरतने के कारण ग्राम पंचायत सचिव क़ो निलंबित कर दिया गया है। विकासखंड भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत अमेठी के सचिव रोमनाथ ध्रुव द्वारा नव निर्वाचित सरपंच क़ो प्रभार देने में अत्यधिक विलम्ब किया गया। इसके साथ ही मुख्यालय से लगातार अनुपस्थित रहने, जनपद की बैठक से अनुपस्थित रहने, 15वें वित्त का ऑडिट नहीं कराने एवं ग्राम पंचायत क़ा रोकड़ पंजी लम्बे समय तक पूर्ण नहीं कराने, सुशासन तिहार में सौंपे कार्य का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन नहीं करने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया लेकिन नोटिस का भी जवाब नहीं दिया गया। इस कारण छतीसगढ़ पंचायत सेवा नियम 1999 भाग दो के नियम 4 के तहत जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।ग्राम पंचायत अमेठी का प्रभाऱ ग्राम पंचायत गुर्रा के सचिव क़ो सौंपा गया है। निलंबन अवधि में सचिव रोमनाथ का मुख्यालय जनपद पंचायत भाटापारा नियत किया गया है। नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

### हाइटेंशन तार के लिए बिना सूचना गाड़े जा रहे जंबो पोल

# किसानों की जमीन पर निजी कंपनी का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

रायपुर के खरोरा क्षेत्र में किसानों की खेती की जमीन पर एक निजी कंपनी द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के हाइटेंशन तार के लिए जंबो साइज के पोल खड़े करने का मामला सामने आया है। इस घटना से गुस्साए किसानों ने मौके पर पहुंचकर काम रुकवाया और जमकर नाराजगी जताई। किसानों ने प्रशासन पर निजी कंपनी के साथ मिलीभगत का गंभीर आरोप लगाया है। किसानों का कहना है कि शारदा बाड़ी में पहले से ही सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित है, जो सरकार को बिजली बेच रहा है। अब निजी सब्सिडी प्राप्त कंपनी बिना किसी अनुबंध के उनकी महंगी खेती की जमीन और भांठा भर्री ▶▶ शेष पेज 13 पर



### किसानों के लिए संघर्ष करूंगा

अभी शिकायत प्राप्त हुई है इस संदर्भ में क्षेत्रीय विधायक, वह प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा कर किसानों की समस्या का हल करेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों की हक की लड़ाई के लिए वह हमेशा तत्पर है।

**-सुमित सेन,** उपाध्यक्ष, नगर पंचायत

### किसानों ने रोका काम, आंदोलन की चेतावनी

जैसे ही गांव के किसान समयलाल नशीने, दुर्गा प्रसाद नशीने, अजय वर्मा,दर्शन यादव को इसकी खबर लगी, उन्होंने तुरंत मौके पर पहुंचकर काम बंद कराया। किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी जमीन का अनुचित इस्तेमाल बंद नहीं हुआ, तो वे जल्द ही बड़ा आंदोलन शुरू करेंगे। किसानों का कहना है कि उनकी जमीन उनकी आजीविका का आधार है और इसे बिना सहमति के हड़पने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### तत्काल कार्रवाई करें प्रशासन

खरोरा के किसानों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। वे चाहते हैं कि उनकी जमीन का इस्तेमाल बिना उनकी सहमति के न हो और उचित मुआवजा दिया जाए। इस घटना ने एक बार फिर निजी कंपनियों और प्रशासन के बीच कथित सांठगांठ के मुद्दे को उजागर किया है। अगर जल्द समाधान नहीं निकला, तो किसानों का आंदोलन क्षेत्र में तनाव बढ़ा सकता है।


GOAL® Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute

1800+ Success Stories of Chhattisgarh & A Legacy of Excellence

GOAL छत्तीसगढ़ के सफल छात्रों को AIIMS & JMC RAIPUR में पढ़ने का मौका मिला NEET 2024

NEET की सटीक तैयारी, Goal Institute के साथ !



इस वर्ष नीट 2025 में कठिन प्रश्न आने के बावजूद भी GOAL के 42 QUESTION MATCHED हुए

| NEET 2025 QUESTION | GOAL TEST 2024-25 | DATE |
|---|---|---|
| Q.2 | AITS Flash Back-02 (Q.NO.-50) | 08.09.2024 |
| | SPOT TEST-02 (Q.NO-29) | 22.01.2025 |
| Q.3 | AITS F.B.-04 (Q.NO-13) | 01.12.2024 |
| Q.8 | DPP-25 (Q.NO-02) | 21.04.2025 |
| Q.9 | AITS MAJOR TEST-09 (Q.NO-138) | 13.04.2025 |
| Q.11 | DPP-09 (Q.NO-02) | 11.03.2025 |
| Q.20 | DPP-11 (Q.NO-43) | 18.03.2025 |
| Q.27 | DPP-25 (Q.NO-22) | 21.04.2025 |
| Q.32 | SPOT TEST-14 (Q.NO-13) | 23.04.2025 |
| Q.33 | AITS MAJOR TEST -5 (Q.NO-148) | 16.03.2025 |
| Q.34 | AITS MAJOR TEST-10 (Q.NO-148) | 20.04.2025 |
| Q.42 | AITS MIN TEST-01 (Q.NO-06) | 30.06.2024 |
| Q.43 | AITS FLASH BACK-02 (Q.NO-48) | 08.09.2024 |
| Q.45 | MIN TEST-10 (Q.NO-50) | 29.12.2024 |
| Q.48 | DPP-25 (Q.NO-83) | 21.04.2025 |
| Q.51 | AITS MIN TEST-06 (Q.NO-80) | 06.10.2024 |
| | AITS MAJOR TEST-06 (Q.NO-20) | 23.03.2025 |
| Q.53 | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-38) | 23.02.2025 |
| | AITS MAJOR TEST-04 (Q.NO-180) | 09.03.2025 |
| | AITS MIN TEST-04 (Q.NO-79) | 25.08.2024 |
| Q.57 | DPP-03 (Q.NO-90) | 28.02.2025 |
| Q.61 | DPP-06 (Q.NO-83) | 06.03.2025 |
| Q.64* | AITS MIN TEST-08 (Q.NO-93) | 07.11.2024 |
| | SPOT TEST-05 (Q.NO-174) | 19.02.2025 |
| | DPP-02 (Q.NO-156) | 25.02.2025 |
| | DPP-03 (Q.NO-87)* | 28.02.2025 |
| Q.67 | AITS MAJOR TEST-09 (Q.NO-36) | 13.04.2025 |
| Q.69* | DPP-10 (Q.NO-70)* | 17.03.2025 |
| | DPP-20 (Q.NO-71) | 11.04.2025 |
| Q.72 | AITS F.B.-02 (Q.NO-54) | 08.09.2024 |
| | DPP-16 (Q.NO-66) | 28.03.2025 |

| NEET 2025 QUESTION | GOAL TEST 2024-25 | DATE |
|---|---|---|
| Q.75 | AITS MIN TEST-05 (Q.NO-75) | 22.09.2024 |
| Q.79 | AITS MAJOR TEST-04 (Q.NO-150) | 03.03.2025 |
| | SPOT TEST-04 (Q.NO-62) | 09.03.2025 |
| Q.99 | AITS MAJOR TEST-11 (Q.NO-67) | 27.04.2025 |
| | DPP-19 (Q.NO-150) | 10.04.2025 |
| Q.103 | AITS MIN TEST-09 (Q.NO-170) | 15.12.2024 |
| Q.105 | AITS MIN TEST-09 (Q.NO-189) | 15.12.2024 |
| | DPP-21 (Q.NO-144) | 14.04.2025 |
| Q.106 | DPP-03 (Q.NO-163) | 28.02.2025 |
| Q.116 | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-102) | 23.02.2025 |
| Q.117 | AITS F.B.-02 (Q.NO-108) | 08.09.2024 |
| Q.122* | AITS MIN TEST-05 (Q.NO.137)* | 22.09.2024 |
| | DPP-18 (Q.NO-137) | 07.04.2025 |
| Q.144 | AITS MIN TEST-08 (Q.NO-146) | 17.11.2024 |
| Q.150 | AITS MAJOR TEST-01 (Q.NO-158) | 16.02.2025 |
| Q.152 | AITS MAJOR TEST-01 (Q.NO-168) | 16.02.2025 |
| | AITS MAJOR TEST-01 (Q.NO-118) | 16.02.2025 |
| | AITS MAJOR TEST-05 (Q.NO-07) | 16.02.2025 |
| Q.155* | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-166)* | 23.02.2025 |
| | AITS MAJOR TEST-03 (Q.NO-31)* | 02.03.2025 |
| | DPP-18 (Q.NO-124) | 07.04.2025 |
| Q.156 | AITS MINORTEST-02 (Q.NO-132) | 09.02.2025 |
| Q.163 | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-124) | 23.02.2025 |
| | SPOT TEST-05 (Q.NO-54) | 19.02.2025 |
| Q.166 | AITS MIN TEST-01 (Q.NO-188) | 30.06.2024 |
| Q.169 | AITS MIN TEST-02 (Q.NO-194) | 14.07.2024 |
| Q.175 | AITS MIN TEST-02 (Q.NO-169) | 14.07.2024 |
| Q.180 | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-114) | 23.02.2025 |
| | SPOT TEST-13 (Q.NO-79) | 16.04.2025 |
| | DPP-25 (Q.NO-94) | 21.04.2025 |

NEET-2025
Question Paper With Answer Key
TYPE : https://bit.ly/4lW8feR

DIRECT ADMISSION
Goal Bhilai & Bilaspur Centre with Scholarship in Chhattisgarh

- For CBSE Board (Top 20 Merit Students) 70%
- For State Board (Top 20 Merit Students) 70%
- For Army Family's Child 50%
- For JNV Students 50%
- For 2nd & 3rd Dropper Students 40%
- For All Dropper Students 25%

ADMISSION OPEN - 2025-26

DROPPER BATCH
For NEET / JEE- Classes Starts on
23rd, 30th May & 06th, 13th, 20th, 27th, June 2025

FOUNDATION BATCH
For 11th & 12th - Classes Starts on
23rd May & 02nd June 2025

BHILAI: 166, NEW CIVIC CENTRE PH- 0788-4013502 Mob: 74158-84100 98269-43595
RAIPUR: BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711 Mob: 77720-60999
BILASPUR: 2ND FLOOR, AMBE TRADE CENTRE, CMD, LINK ROAD, PH- 07752-320345 Mob: 99264-54100

GOAL BRANCHES : DELHI | PATNA | RANCH | DHANBAD www.goalinstitute.org goal institute_bhilai goalinstitutebhilai

## खबर संक्षेप



### रायपुर एयरपोर्ट में पायलट और बैज का किया स्वागत

**रायपुर।** जांजगीर-चांपा में संविधान बचाओ यात्रा में शामिल होने पहुंचे कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पीसीसी छत्तीसगढ़ के प्रभारी सचिन पायलट तथा पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज का नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने रविवार को रायपुर एयरपोर्ट पर सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत किया। श्री पायलट संविधान बचाओ यात्रा में शामिल होने रायपुर पहुंचे हैं।

### स्काईवॉक का निर्माण शहर की जरूरत : शुक्ला

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शिवसेना के प्रदेश प्रवक्ता संतोष शुक्ला ने विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार के कार्यकाल में 2016-17 में शहर के मध्य स्काईवॉक का निर्माण कार्य तत्कालीन पीडल्ब्यूडी मंत्री राजेश मूणत द्वारा शुरू कराया गया था, जिसका कई बार प्रेजेंटेशन भी कांग्रेस विधायकों के सामने हुआ। स्काईवॉक की उपयोगिता की डिटेल रिपोर्ट भी आई, इसी बीच सत्ता परिवर्तन के साथ ही कांग्रेस ने इस अति आवश्यक स्काईवॉक को कबाड़ बना दिया। श्री शुक्ला ने आगे कहा कि अब फिर प्रदेश में भाजपा की सरकार है और विधायक श्री मूणत के प्रयास से पुनः स्काईवॉक का कार्य प्रारंभ किया गया है। छत्तीसगढ़ शिवसेना ने इसका स्वागत किया है। इसका निर्माण पूरा होने के बाद शास्त्री चौक से जेल रोड, जयस्तंभ चौक, तहसील कार्यालय, कमिश्नर कार्यालय तक ऊपर से ही पैदल आ-जा सकेंगे, जिसे ट्रैफिक भी सुगम हो सकेगा।

### भैंसथान में नाली पर बने 6 अवैध पाटे तोड़े गए



**रायपुर।** विगत दिनों शहर के जोन 7 क्षेत्र अंतर्गत तात्यापारा वार्ड के भैंसथान में दुकानों के सामने नाली पर कब्जा कर लगाए गए 6 पाटों को तोड़ने की कार्रवाई की गई। इन पाटों के कारण नाली की सफाई नहीं हो पा रही थी। पाटे तोड़ने के बाद नाली की सफाई कराई गई। यह कार्रवाई जोन क्षेत्र के उप अभियंता रुचिका मिश्रा की उपस्थिति में की गई।

### पीएम आवास के तहत बांटे गए 20 फ्लैट



**रायपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मठपुरैना में 20 परिवारों को फ्लैट आबंटित किए गए। ये फ्लैट कांशीराम नगर में रहने वाले परिवारों को दिया गया है। कांशीराम नगर के फ्लैट जर्जर हो चुके हैं, जिसके कारण यहां रहने वाले परिवारों को मठपुरैना में बने फ्लैट आबंटित किए जा रहे हैं। मठपुरैना में 275 फ्लैट बांटे जाने है, जिसकी शुरूआत 20 फ्लैट के आबंटन से की गई है। आबंटन के दौरान वार्ड पार्षद महेश ध्रुव, जोन 3 कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा अंशुल शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### तिल्दा के ग्राम सांकरा में लगा समाधान शिविर

**रायपुर।** सुशासन तिहार के तीसरे और अंतिम चरण में समाधान शिविर तिल्दा के ग्राम सांकरा में अयोजित किया गया। इस शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्नप्राशन संस्कार और गोदभराई संस्कार का आयोजन किया गया। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा इस शिविर में शामिल हुए। उन्होंने बच्चों को खीर खिलाई तथा परिवहन विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल में तत्काल लर्निंग लाइसेंस बनाकर ग्रामीणों को सौंपा।

# पोस्टपैड बिजली कनेक्शन को प्रीपैड करने प्रदेश सरकार से मंजूरी का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं को अब आने वाले समय में मोबाइल की तरह मीटर रीचार्ज कराने पर ही बिजली मिलेगी। प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। अब तक 18 लाख मीटर लग चुके हैं। इस साल से ही पोस्टपैड कनेक्शन प्रीपैड करने की तैयारी है। ऐसा हो गया तो छत्तीसगढ़ बिजली के कनेक्शन को प्रीपैड करने वाला देश का तीसरा राज्य हो जाएगा।

हरिभूमि सरोकार

इस समय बिहार और असम में रीचार्ज कराने पर ही बिजली मिलती है। अब छत्तीसगढ़ में भी ऐसा होने वाला है, इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को प्रदेश सरकार से मंजूरी का ही इंतजार है। सरकार की मंजूरी मिलने की देर है, कनेक्शन प्रीपैड कर दिए जाएंगे। केंद्र सरकार की स्मार्ट मीटर योजना में अब प्रदेश के सभी वर्ग के बिजली उपभोक्ताओं के पुराने मीटरों को बदला जा रहा है। करीब एक साल से स्मार्ट मीटर लगाने का काम हो रहा है। प्रदेश में करीब 60 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। अब तक 18 लाख स्मार्ट मीटर लग चुके हैं। इसमें करीब एक लाख मीटर थ्री फेज कनेक्शन वाले हैं। थ्री फेज कनेक्शन के 6 लाख मीटर लगेंगे। मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है। जहां रायपुर संभाग में मीटर लगाने का काम टाटा कंपनी कर रही है, वहीं बाकी स्थानों पर जीनस कंपनी मीटर लगा रही है।

## छत्तीसगढ़ बिजली कनेक्शन प्रीपैड करने वाला बनेगा देश का तीसरा राज्य

### पोस्टपैड कनेक्शन होंगे बंद

स्मार्ट मीटर लगने के साथ ही एलटी वर्ग के सभी उपभोक्ताओं के अब तक चल रहे पोस्टपैड कनेक्शन समाप्त हो जाएंगे। इनके स्थान पर सभी कनेक्शन प्रीपैड हो जाएंगे, लेकिन अभी जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन में स्मार्ट मीटर लगे हैं, उनके ही कनेक्शन प्रीपैड होंगे। जैसे-जैसे उपभोक्ताओं के मीटर बदले जाएंगे, सबके कनेक्शन प्रीपैड होते चले जाएंगे। जिनके भी मीटर प्रीपैड होंगे, उनको बिजली का उपयोग करने से पहले मोबाइल की तरह ही रीचार्ज कराना होगा, तभी बिजली मिलेगी।



### मिलेगा बिजली बिल हॉफ का फायदा

उपभोक्ताओं के कनेक्शन भले प्रीपैड हो जाएंगे, लेकिन घरेलू वर्ग के उपभोक्ताओं को प्रदेश सरकार की योजना के मुताबिक 400 यूनिट तक बिजली बिल हॉफ योजना का फायदा मिलेगा। 400 यूनिट तक की खपत में पैसे आधे लगेंगे। इसके लिए सॉफ्टवेयर तैयार किया जा रहा है। इसी के साथ बीपीएल वर्ग के उपभोक्ताओं को 30 यूनिट बिजली मुफ्त मिलती है तो उनको 30 यूनिट तक पैसे नहीं लगेंगे, लेकिन इसके बाद की खपत के लिए रीचार्च कराना होगा। रोज की खपत के हिसाब से पैसे कटेंगे।

### अलग-अलग कीमत के होंगे रीचार्ज कूपन

पॉवर कंपनी ने जिन कंपनियों को मीटर लगाने का काम दिया है, वही कंपनी रीचार्ज कूपन भी प्रकाशित करेगी। इसी के साथ मोबाइल की तरह डिजिटल रीचार्ज की भी सुविधा मिलेगी। उपभोक्ता को अपनी खपत के हिसाब से रीचार्ज करना होगा। जिनको लगेगा कि उनकी खपत एक माह में पांच सौ होती है तो वे उतने का रीचार्ज करा सकेंगे। जिनकी खपत ज्यादा होगी, वे ज्यादा का रीचार्ज करा सकेंगे। उपभोक्ता चाहेंगे तो एक से ज्यादा माह के लिए भी रीचार्ज करा सकेंगे, ताकि उनकी बिजली कट होने का खतरा न रहे। रीचार्ज समाप्त होने के पहले मोबाइल की तरह ही पंजीकृत मोबाइल नंबर पर मैसेज आएगा। अगर रात में किसी उपभोक्ता का रीचार्ज समाप्त होगा तो तत्काल बिजली कट नहीं होगी, उनको रीचार्ज कराने का मौका मिलेगा।

## व्याख्यान माला में सांसद रुपकुमारी एवं उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन हुए शामिल

# एक देश एक चुनाव से धन व समय बचेगा और लोकतंत्र होगा मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा






चेम्बर आफिस कामर्स एवं अधिवक्ता संघ द्वारा 'एक देश एक चुनाव' पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में महासमुंद सांसद रुपकुमारी चौधरी, उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा शामिल हुए। सांसद रुपकुमारी चौधरी ने कहा कि एक देश एक चुनाव राष्ट्र को विकसित बनाने की दिशा में कारगर होगा। देश को हर साल चुनाव करवाने की झंझट से मुक्ति मिलेगी। वहीं वित्तीय बोझ भी कम होगा।

रुपकुमारी ने कहा की एक राष्ट्र एक चुनाव का उद्देश्य मतदाताओं के लिये सुविधा और आसानी सुनिश्चित करना होता है। मतदान प्रतिशत में वृद्धि होती हैं आर्थिक स्थिरता और विकास में वृद्धि होती है। चुनाव नीतिगत निष्क्रियता को रोकता है। सरकारी खजाने पर वित्तीय बोझ कम होगा। वहीं चुनाव से जुड़े विवादो में भी कमी आएगी।

कार्यक्रम को उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़, शिवरतन शर्मा ने कहा कि देश को अब एक साथ चुनाव की जरूरत है। हर साल कहीं न कहीं चुनाव होते हैं। इससे प्रशासन पर बोझ बढ़ता है। विकास कार्य रुकते हैं। बार-बार आचार संहिता लगने से योजनाएं अधर में लटक जाती हैं। शासन- प्रशासन का सामान्य कामकाज भी प्रभावित होता है।

शिवरतन शर्मा ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होंगे तो समय और खर्च दोनों की बचत होगी। जनप्रतिनिधि पूरे कार्यकाल में जनता की सेवा कर सकेंगे।


कार्यक्रम को चेम्बर आफ कामर्स के सुभाष भट्टर, जिलाध्यक्ष भाजपा आनंद यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश यदु ने भी सम्बोधित कर अपने विचार साझा किये।

कार्यक्रम के उपरान्त महेश्वरी भवन से हटरी बाजार होकर रामसप्ताह तक आपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए सेना के साहस, शौर्य,पराक्रम, समर्पण को सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर जिला महामंत्री राकेश तिवारी, पूर्व विधायक सनम जांगड़े, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, बब्बू मुंधडा, महिला आयोग सदस्य लक्ष्मी वर्मा, जिलापंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, जिलाध्यक्ष भाजयुमो सुनील यदु, आशीष जायसवाल, गिरधर गोविंदनी, मुकेश सोनी, कमलेश कुकरेजा, सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण, प्रबुद्धजन, गणमान्यजन, पार्टी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधिजन उपस्थित थे ।

## 3डी प्लैनेटेरियम शो में बच्चों ने जानी खगोलीय दुनिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में एक भव्य 3डी प्लैनेटेरियम शो का आयोजन किया गया। यह शो O2 प्लैनेटेरियम द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को खगोलीय दुनिया की अद्भुत जानकारी 3डी तकनीक के माध्यम से प्रदान की गई।

इस शो का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान और अंतरिक्ष के प्रति रुचि बढ़ाना था। इस अभिनव पहल की शुरुआत प्राचार्य ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी द्वारा की गई। इस तरह के आयोजन को प्राथमिक खंड के प्रधानपाठक विक्की प्रधान एवं माध्यमिक खंड की प्रधानपाठिका रश्मि साहू द्वारा विद्यार्थियों के बीच रखा गया। शो विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। बच्चों ने उत्साहपूर्वक और जिज्ञासापूर्वक भाग लिया और ब्रह्मांड की रहस्यमयी दुनिया को जानने का अवसर मिला। विद्यालय परिवार द्वारा O2 प्लैनेटेरियम के प्रति आभार व्यक्त किया गया एवं भविष्य में ऐसे शैक्षणिक आयोजनों की निरंतरता की आशा व्यक्त की गई। खगोलीय दुनिया के बारे मे बच्चों ने जाना।

## छात्रावास की कन्याओं ने बोर्ड परीक्षा में किया बेहतर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा





छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा में शासकीय प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास सिमगा की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 प्रतिशत परिणाम दर्ज किया। छात्रावास में रह रही सभी 25 छात्राएं परीक्षा में सफल रहीं, जिससे संस्था का प्रदर्शन जिले में सराहनीय रहा।

छात्रावास अधीक्षिका अंजनी ने बताया कि विगत चार वर्षों से छात्रावास की छात्राएं विद्यालय स्तर पर अव्वल आ रही हैं और इस वर्ष भी यह सिलसिला कायम रहा। इस वर्ष की परीक्षा में रितु पिता तोरन कुर्रे ने 88.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पीएमश्री हिंदी माध्यम स्कूल सिमगा की टॉपर बनीं। रितु ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है और उनका सपना है कि वे भविष्य में हृदय रोग विशेषज्ञ (कार्डियोलॉजिस्ट) बनें। वहीं धनेश्वरी पिता सहदेव भारती ग्राम बगौद नयापारा निवासी ने 87 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा छात्रा पूर्णिमा नवरंग ने 76 प्रतिशत तथा वर्षा महिलांगे ने 71 प्रतिशत अंक हासिल कर सफलता पाई है।यह सफलता छात्राओं की कठिन मेहनत, अनुशासित दिनचर्या और छात्रावास में उपलब्ध शैक्षणिक माहौल का प्रतिफल है। इस उपलब्धि पर शिक्षा विभाग, स्थानीय प्रशासन और अभिभावकों ने छात्राओं एवं अधीक्षिका सहित पूरे स्टाफ को बधाई दी है। छात्रावास की यह निरंतर सफलता क्षेत्र की बालिकाओं के लिए प्रेरणादायी है।

**ऑपरेशन सिंदूर को लेकर महिलाओं ने निकाली रैली:** फिंगेश्वर। ऑपरेशन सिन्दूर के तहत देश की सुरक्षा में शहीद हुए जवानों के प्रति सहानुभूति एवं देश की सुरक्षा में लगे जवानों सम्मान एवं मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से नगर पंचायत फिंगेश्वर के सभी महिला जनप्रतिनियो, महिला समूह, एनयूएलएम की महिलाओं के सहयोग से नगर में ऑपरेशन सिन्दूर रैली का आयोजन कार्यालय भवन से पुराने बस स्टैंड, शहीद स्मारक चौक, पुराना साप्ताहिक बाजार होते हुए कार्यालय भवन तक रैली निकालकर जयघोष के नारे लगाए।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में मिनी कूलर एवं घड़ा उपलब्ध कराने की मांग




**रायपुर।** राजधानी रायपुर में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी से प्रत्येक आदमी बेहाल और परेशान है, वहीं दूसरी ओर आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को न ही ठंडा पानी मिल रहा है और न ठंडी हवा मिल पा रही है। किसी भी आंगनबाड़ी केंद्र में विभाग द्वारा वाटर कूलर और ठंडा पेयजल के लिए व्यवस्था नहीं की गई है। इसे देखते हुए समाजिक कार्यकर्ता सुरेश कुमार दीवान ने कलेक्टर जनदर्शन में इस संबंध में आवेदन देकर जल्द से जल्द आंगनबाड़ी केंद्रों में मिनी कूलर के साथ घड़ा उपलब्ध कराने की मांग की है।

### सभापति राठौर ने नाला सफाई का किया निरीक्षण

**रायपुर।** नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर ने बुधवार को जोन 2 क्षेत्र के मौदहापारा में महाबीर गौशाला के सामने नाला सफाई का निरीक्षण जोन कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे और कार्यपालन अभियंत पीडी धृतलहरे की उपस्थिति में किया। इसी तरह मौदहापारा पुलिस थाना के समीप नाला, शहीद स्मारक भवन के पास नाला सफाई का प्रत्यक्ष निरीक्षण कर बारिश पूर्व नाला सफाई पूरा करवाने निर्देश दिए। सभापति ने जयस्तंभ चौक के पास नाला चेंबर की सफाई करवाई।

## ठाकरे परिसर में मंत्रियों का सहयोग केंद्र छह माह से बंद

- कार्यकर्ता अपने क्षेत्र के लोगों के साथ आते थे समस्याएं लेकर, हो जाता था निदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश के मंत्रियों का सहयोग केंद्र बीते छह माह से ज्यादा समय से बंद है। ऐसे में इस सहयोग केंद्र के माध्यम से अपने क्षेत्र के लोगों को समस्या के निराकरण के लिए लाने वाले कार्यकर्ता निराश हैं। इस सहयोग केंद्र के माध्यम से मंत्रियों के विभागों की समस्या लेकर प्रदेशभर के कार्यकर्ता आते थे और उनकी ज्यादातर समस्याओं का निराकरण हो जाता था। सप्ताह में पांच दिनों तक अलग-अलग मंत्री समय के हिसाब से बैठते थे।

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद यह तय किया गया कि प्रदेश के मंत्री भी भाजपा संगठन के कार्यकर्ताओं से लगातार मिलकर उनकी समस्याओं का निराकरण करेंगे। साथ ही यह भी तय किया गया कि कार्यकर्ता अपने साथ अपने क्षेत्र के लोगों को भी लाकर मंत्रियों के सामने समस्याएं और अपनी मांगें रख सकते हैं। इसके लिए तय किया गया कि प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम के साथ सभी मंत्री बारी-बारी से सोमवार से लेकर शुक्रवार तक कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बैठेंगे और समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण करेंगे।

### सहयोग केंद्र फिर से प्रारंभ होने का इंतजार

भाजपा के जानकारों का कहना है कि बीते साल सहयोग केंद्र में मंत्रियों का लगातार बैठना हो रहा था, लेकिन सितंबर से भाजपा के सदस्यता अभियान, संगठन चुनाव और फिर बाद में नगरीय निकाय चुनाव में सबके व्यस्त होने के कारण लंबे समय से मंत्रियों का सहयोग केंद्र में आना बंद हो गया है। अब तो नगरीय निकाय चुनाव निपटे भी दो माह से ज्यादा समय हो गया है, लेकिन इसके बाद भी सहयोग केंद्र के प्रारंभ न होने के कार्यकर्ता निराश हैं। कार्यकर्ता इस बात का इंतजार कर रहे हैं कि कब सहयोग केंद्र प्रारंभ हो तो वे अपने क्षेत्र के लोगों के साथ समस्याएं लेकर विभागीय मंत्रियों तक जा सकें। वैसे जिन कार्यकर्ताओं की पहुंच मंत्रियों के बंगलों तक है, वे तो सीधे वहां पहुंचकर भी अपनी समस्याओं का निराकरण करा लेते हैं, लेकिन सभी कार्यकर्ताओं की पहुंच मंत्रियों के बंगले तक नहीं है। ऐसे में इन कार्यकर्ताओं को सहयोग केंद्र का ही सहारा है।

## पायलट ने कहा- क्या अमेरिका ने सुरक्षा की गारंटी दी? संसद सत्र बुलाकर स्पष्ट करे केंद्र सरकार

- मिरानिया परिवार से मिले कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट रविवार को रायपुर पहुंचे। यहां उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए कारोबारी दिनेश मिरानिया के परिवार से मिले। परिजनों से मुलाकात के बाद सचिन पायलट ने केंद्र सरकार से कई गंभीर सवाल पूछे।

उन्होंने कहा, सीजफायर की घोषणा अमेरिका के राष्ट्रपति कर रहे हैं। हमारा मुद्दा आतंकवाद है, लेकिन जानबूझकर कश्मीर के इशू को चर्चा में लाया गया जिसका मुझे खेद है। अमेरिका के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री ने जब भी चर्चा की आतंकवाद की बात नहीं की। आज आतंकवाद पर चर्चा नहीं हो रही है आज कश्मीर और व्यापार पर चर्चा हो रही है। अब समय आ गया कि संसद का विशेष सत्र बुलाया जाए। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं, इस दौरान रायपुर पहुंचते ही सचिन पायलट सबसे पहले पहलगाम आतंकी हमले में मृतक दिनेश मीरानिया के निवास पहुंचे। सचिन पायलट के साथ पूर्व डिप्टी सीएम सिंहदेव, पीसीसी चीफ दीपक बैज, पूर्व मंत्री मोहन मरकाम भी मौजूद रहे। सभी ने पीड़ित परिजनों से मुलाकात की और आतंकी घटना को लेकर चर्चा की। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट दिनेश मिरानिया के परिजनों से मिलने के बाद संवाददाताओं से चर्चा में कहा, भविष्य में इस तरह की घटना को अंजाम देने वाली ताकतें हमेशा के लिए समाप्त हो हम चाहते हैं।

### सेना के शौर्य पर पूरा भरोसा

उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले तक भारत की तुलना चीन से होने लगी थी मगर अब भारत-पाकिस्तान होने लगा है जो उचित नहीं है।हमें पाकिस्तान पर भरोसा नहीं है क्या? अमेरिका ने आश्वासन दिया है कि पाकिस्तान दुबारा ऐसी हरकत नहीं करेगा, इस पर चर्चा होना चाहिए। भारत ने पाकिस्तान के कितने विमान गिराए राहुल गांधी का ये सवाल सेना के शौर्य पर सवाल पर सचिन पायलट ने कहा, भारतीय सेना और हमारे डीएमओ ने जो जानकारी दी उस पर हमें भरोसा है। आतंकवाद के खिलाफ टेरर फंडिंग को रोकने के लिए आतंकवाद के इंफ्रास्ट्रक्चर को रद्द करने के लिए जो करना चाहिए करना चाहिए। हम सरकार के साथ है।

### संविधान बचाओ रैली में होंगे शामिल

उल्लेखनीय है कि सोमवार को जांजगीर-चांपा जिले में छत्तीसगढ़ कांग्रेस संविधान बचाओ यात्रा निकालने वाली है जिसमें प्रभारी सचिन पायलट शामिल होंगे। यात्रा के माध्यम से केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग सहित कानून व्यवस्था के मुद्दे को आम जनता तक पहुंचाने की कोशिश की जाएगी। प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट शाम को विमानतल पहुंचे। उनके स्वागत के लिए कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व अध्यक्ष मोहन मरकाम, सुबोध हरितवाल, अमरजीत छाबड़ा सहित कई कांग्रेसी माना विमानतल पहुंचे थे।

## जिला अस्पताल पंडरी में आईआरएडी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



जिला अस्पताल पंडरी में इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटाबेस (आईआरएडी) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण सत्र का संचालन राज्य रोलआउट मैनेजर सारांश शिर्के द्वारा किया गया। प्रतिभागियों को पोर्टल की उपयोगिता, दुर्घटनाओं से संबंधित डेटा की एंट्री, रिपोर्टिंग प्रक्रिया, और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की विस्तृत जानकारी दी। जिले की डिस्ट्रिक्ट रोलआउट मैनेजर अर्चना राजपूत द्वारा लाइव एक्सीडेंट की एंट्री कैसे की जाए—इसकी व्यावहारिक जानकारी दी गई। उन्होंने वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से उपस्थित स्टाफ को पोर्टल पर त्वरित और सटीक डेटा एंट्री की प्रक्रिया समझाई। अंत में सिविल सर्जन डॉ. संतोष भंडारी ने सभी उपस्थित प्रशिक्षकों और स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आईआरएडी प्रणाली सड़क सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## खबर संक्षेप



### 18 लीटर शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार

पवनी। ग्राम बनाहिल में पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए 1 शराब कोचिया को गिरफ्तार किया। उसके कब्जेसे 3 लीटर महुआ और 15 लीटर देसी प्लेन शराब जब्त की गई। थाना प्रभारी बिलाईगढ़ पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम बनाहिल के शिव कुमार साहू उर्फ अपनी चकना दुकान में हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब एवं देसी प्लेन शराब बिक्री करने की सूचना पर पुलिस ने रेड कार्रवाई की। इसमें आरोपी शिवकुमार उर्फ़ दारा पिता कोदाराम साहू 45 वर्ष ग्राम बनाहिल के कब्जे से 3 लीटर महुआ एवं 15 लीटर देसी प्लेन शराब कीमत 7180 रुपए को जब्त किया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2)आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया, जिसे न्यायालय ने न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है।

### राजस्व पखवाड़ा में कई प्रकरणों का निराकरण



गिधौरी। राजस्व पखवाड़ा ग्राम पंचायत भवन मटिया में 19 मई को आयोजित किया गया। इसमें सरपंच बद्री प्रसाद टण्डन, जनपद सदस्य रामकुमार टण्डन, सचिव हेमलाल साहू, रोजगार सहायक हरिशंकर साहू, मोहतरा पटवारी संजीव साहू एवं हल्का पटवारी कृष्णकुमार मिरी और अन्य ग्रामवासियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। राजस्व पखवाड़ा में अविवादित नामांतरण बंटवारा के 7, सीमांकन 1, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र के 15 प्रकरणों का निराकरण हुआ तथा 11 किसानों को ऋण पुस्तिका का वितरण किया गया।

### अखण्ड त्रिदिवसीय मानस यज्ञ समारोह आज से

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में 20 मई मंगलवार से 23 मई शुक्रवार तक समस्त ग्रामवासियों द्वारा बाजार चौक लीला रंगमंच में अखण्ड त्रिदिवसीय मानस यज्ञ समारोह का आयोजन किया जाएगा। मंगलवार को कार्यक्रम स्थल पर स्थापित भगवान राम, गोकर्ण, ठाकुर की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया जाएगा। ग्राम व बाहर जिले के मानस मण्डलियों द्वारा मानस गान की प्रस्तुति दी जाएगी।

## निधन

### पुरोहित राजेश



सिमगा। नगर के प्रतिष्ठित पुरोहित राजेश उर्फ राजू चतुर्वेदी 55 वर्ष का 18 मई को सड़क दुघर्टना में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 19 मई को किया गया। अंतिम संस्कार में परिवार व क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित हुए तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# सिंगल यूज प्लास्टिक संग्रहण बना महिलाओं की आय का जरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्लास्टिक मुक्त जिला के तहत ग्रामीण क्षेत्रों प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट की शुरुआत की गई है। प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट से जुड़कर स्व सहायता समूह की महिलाएं पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वहीं सिंगल यूज प्लास्टिक संग्रहण आय का जरिया भी बन गया है।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के विकासखंड भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत गुड़ेलिया, विकासखंड बलौदाबाजार के पनगांव एवं विकासखंड कसडोल के देवरीकला में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का संचालन पंचायत द्वारा चयनित स्व सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है।

प्रत्येक विकासखंड में 4 क्लस्टर बनाया गया है और प्रत्येक क्लस्टर से समूह की दीदियों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक इकट्ठा कर प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट तक लाया जाता है।

उसके पश्चात प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट में कार्य कर रही स्वच्छता समूह की दीदी द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक की सफाई, क्रॉस या बेलिंग मशीन में पंच कर रिसायकलर या सीमेंट कंपनी को विक्रय के लिए तैयार किया जाता है। इस अनुबंध के तहत समूह की महिलाओं द्वारा संग्रहित प्लास्टिक वेस्ट को कंपनी द्वारा क्रय किया जाता है।

## प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बढ़ाया कदम





### 3800 रुपए समूह को प्राप्त हुआ

वर्तमान में देवरीकला प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट से 7 क्विंटन 25 किलो का पॉलीथिन पंच सीमेंट कंपनी को विक्रय किया गया, जिससे 3800 रुपए समूह को प्राप्त हुआ। बताया गया कि सीमेंट सयंत्र और स्वयं सेवी संस्था गृहणी के साथ प्लास्टिक वेस्ट खरीदने को लेकर एक अनुबंध हुआ है।

## सभी सरपंच अपनी पंचायत को इसी तरह विकसित करें

# गुडेलिया पंचायत बनी प्रदेश के लिए रोल मॉडल : बृजमोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

विकसित गांव गुडेलिया में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शिविर में अपनी सहभागिता देते हुये शिविर में शामिल हुए। उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर अनेक घोषणाएं की और विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया। ग्राम गुडेलिया में उपवन गार्डन निर्माण तथा पुस्तकालय एवं सुसज्जित लाइब्रेरी के अलावा अटल डिजीटल सुविधा केन्द्र का उन्होंने लोकारपण किया। इस अवसर पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सरकार की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में भाटापारा ब्लाक के ग्राम गुडेलिया ग्राम पंचायत के अधीन हुए कार्यों एवं क्रियान्वयन का यह प्रदर्शन प्रदेश में सरकार की योजनायें मॉडल स्वरूप की परिकल्पना को दर्शाती है। हर वर्ग के लिये शासन की विकास योजनाओं को सुसज्जित ढंग से जनता तक पहुंचाया जा रहा है, एवं शहरों जैसे कार्य गुड़ेलिया पंचायत में किया जा रहा है।

यह गांव मॉडल गांव के रूप में प्रदेश में लोगों को प्रेरणा देने का कामकर रहा है। उक्त अवसर पर सरपंच एवं सरपंच संघ अध्यक्ष संकेत अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में गांववासी उपस्थित थे।





### गुड़ेलिया पंचायत का अनुशरण करें सभी सरपंच

सांसद ने क्षेत्र के सभी सरपंचों से अपील की कि आप सभी गुड़ेलिया जैसे अपने गांव को विकसित करने का प्रयास करें, सभी सरपंचों के लिए गुड़ेलिया सरपंच संकेत अग्रवाल को एक रोल मॉडल बताया। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचे यही सुशासन त्यौहार की मंशा है। उन्होंने गांव, गरीब, किसान का सच्चा हितैषी विष्णुदेव सरकार को बताते हुये कहा कि ब्लाक के गुडेलिया गांव में इतने अधिक विकास कार्य कराये गये हैं कि प्रदेश में भाटापारा ब्लाक के ग्राम गुडेलिया की ही चर्चा है।

# समर साइंस कैम्प में बच्चों ने सीखा वेस्ट मटेरियल से उपयोगी सामग्री बनाना




हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर, रायपुर में 16 से 18 मई तक तीन दिवसीय समर साइंस कैम्प का आयोजन बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट विषय पर किया गया। इसमें पीएम श्री भरत देवांगन सेजेस से कक्षा 6वीं से 8वीं के बच्चों ने भाग लिया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, पुनर्चक्रण और नवाचार की दिशा में प्रेरित करना था। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर के महानिदेशक डॉ. एस. कर्मकार के नेतृत्व तथा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) भिलाई के तकनीकी सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कैम्प में विद्यार्थियों ने प्लास्टिक बोतलें, कंटेनर, पुराने कपड़े, पेपर और गत्ता जैसे वेस्ट मैटेरियल का उपयोग करके पेन स्टैंड, पौधों के गमले, वॉल हैंगिंग, फोटो फ्रेम, पार्टी पॉपर, कॉइन शूटर और विभिन्न प्रकार के डेकोरेटिव आइटम्स के साथ-साथ सरल साइंस मॉडल भी बनाना सीखा। कैंप के पहले दिन के क्विज में खरोरा से लव्य वर्मा ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और दूसरे दिन ज़ारा, सोनाली, निधि और टिया के ग्रुप ने बाज़ी मारी।

कैम्प का मुख्य आकर्षण अंतिम दिन का समापन समारोह और प्रतियोगिता थी, जिसमें सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने अपने बनाए हुए मॉडलों और वस्तुओं का प्रदर्शन किया।






इस अवसर पर विद्यार्थियों के अभिभावकों एवं शिक्षकों को निर्णायक मंडल के रूप में आमंत्रित किया गया, जिन्होंने बच्चों की कृतियों का मूल्यांकन किया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया।

समापन अवसर पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भिलाई के विशेषज्ञ डॉ. महबूब आलम, छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर के विभागीय अधिकारीगण एवं अतिथि शिक्षकों ने बच्चों के कार्यों की सराहना की।इस कैम्प में कुल 38 छात्र-छात्राएं विभिन्न स्कूलों से सम्मिलित हुए जिसमें खरोरा से कुणाल चेलक, लव्य वर्मा, ज़ारा अली, निधि बंजारे, टिया देवांगन, सोनाली वर्मा शामिल हुए।

# समाधान शिविर में 12 हितग्राहियों का बनाया गया राशन कार्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी

जिले की नगर पंचायत पवनी में सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन दिए। वहीं वार्ड क्रमांक 8 कर्मा माता वार्ड के पार्षद करन साहू ने सक्रियता दिखाते हुए अपने वार्ड में भ्रमण कर राशन कार्ड के लिए पात्र हितग्राहियों के घर जाकर आवेदन फॉर्म जमा करवाया और सुशासन तिहार के समाधान शिविर में लोगों के आवेदन पर त्वरित कार्रवाई खाद्य विभाग करते हुए 12 हितग्राहियों को नए राशन कार्ड बनाया गया। उक्त कार्ड नगर पंचायत अध्यक्ष कुलदीप साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मजीद खान के हाथों से वितरण किया। इस अवसर पर अन्य पाषर्दगण एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।



# शिक्षक संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**पवनी।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन और छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में सुशासन तिहार में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें युक्तियुक्तकरण, लंबित समयमान वेतनमान, एरियर्स राशि, जिला में प्राथमिक शाला प्रधान पाठक प्रमोशन और क्रमोन्नति शामिल हैं।

ज्ञापन देने वालों में प्रमुख शिक्षक फेडरेशन के जिला कार्यकारी अध्यक्ष मनीष कुमार डडसेना, शिक्षक कांग्रेस जिला अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, संरक्षक गिरजा शंकर धीवर,भटगाव तहसील अध्यक्ष फिरत राम सायतोडे ,जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार राय, ब्लॉक सचिव दरस राम राजेत्री, समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला मीडिया प्रभारी लुकेश्वर साहू, ब्लॉक अध्यक्ष सरयूकांत बंजारे, ब्लॉक सचिव लाला प्रसाद बंजारे, संरक्षक गिरीश साहू, विधिक सलाहकार आशीष मिश्रा, महासचिव दिलहरण साहू, संगठन मंत्री टीकेश्वर जायसवाल, महामंत्री संजीव राजेत्री, गोपाल साहू प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# बाइक चोर जेल दाखिल



**सिमगा।** पुलिस ने बाइक चोरी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मुखबीर की सूचना पर आरोपी को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा।

उमेश कुमार निषाद निवासी ग्राम रांका बेमेतरा जो 10 मई की शाम 4.30 बजे किसी काम से अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एम 5449 से सिमगा आया था, तिल्दा मार्ग पर स्थित मुस्कान डेली निड्स के पास से कोई अज्ञात चोर ने उक्त मोटरसाइकिल को चुराकर ले गया। प्रार्थी ने अज्ञात चोर के खिलाफ थाना में अपराध पंजीबद्ध कराया था। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 303 (2) बी एन एस के तहत अपराध दर्ज किया था। पुलिस को उक्त मोटरसाइकिल के संबंध में मुखबिर से सूचना मिलने पर उसके बताए स्थान दुलदुला मार्ग पर स्थित राम अमृत तुल्य चाय दुकान के समीप घेराबंदी कर उक्त संदेही व्यक्ति को पकड़कर पूछताछ की, जहां उसने अपना नाम पवन पिता तेजराम देवांगन निवासी सरगांव होना बताया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल को जब्त किया है तथा आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा है।

## कविता प्राण लहरे एवं युधिष्ठिर नायक अध्यक्ष के अगुवानी में हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए

# कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली में क्षेत्र के हजारों कांग्रेसी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

जांजगीर में कांग्रेस की संविधान बचाओं रैली में बिलाईगढ़ विधान सभा से विधायक कविता प्राण लहरे एवं युधिष्ठिर नायक अध्यक्ष सोनाखान के अगुवानी में हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। जिसमें नगर पंचायत टुण्डरा से मोतीराम साहू पूर्व नगर अध्यक्ष, राजमहंत पी के घृतलहरे, दिनेश देवांगन, रविशंकर बंजारे, युवल साहू, खेमचंद रात्रे, घनश्याम बारले, अमीरदास मानिकपुरी भी शामिल रहे।

विदित हो कि इंडियन नेशनल कांग्रेस दिल्ली से देश में राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय, ब्लाक, गांव एवं घर घर पहुंच कर संविधान बचाने की मुहिम राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खडगे द्वारा चलाई जा रही है। इसी कड़ी में प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ रैली एवं सभा जाजवल्य देव की नगरी जांजगीर के हाकी ग्राऊंड में वृहद कांग्रेसियों का जमवाडा 19 मई को हुआ। इसमें प्रदेशभर से कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता भारी संख्या में डटे रहे। कांग्रेस के महसचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलेट ने दो टूक कहा कि भारतीय संविधान जो कि विश्व के बेहतरीन संविधान है, जिसकी विदेशों में प्रशंसा होती है। ऐसे श्रेष्ठ संविधान को भाजपा के शीर्ष नेताओं द्वारा बदलने, छेड़छाड़ करने का निंदनीय प्रयास किया जा रहा है। देश के सभी स्वतंत्र संस्था, एजेंसी, आयोगों को दबाव में कार्य कराया जा रहा है। निःपक्षता को बाधित कर आरक्षण व्यवस्था को खत्म करने की साजीश की जा रही है। इन सब बातों को जन-जन तक उजागर किया जाना संविधान बचाओ में शामिल है। सभा को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उप मुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव, प्रतिपक्ष चरण दास महंत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, सचिव जरीता मैम, सांसद ज्योत्सना महंत, राज्य सभा सदस्य फूलोदेवी नेताम, पूर्व मंत्री गुरू रूद्र कुमार, डॉ शिव डहरिया, ताम्रध्वज साहू, धनेद्र साहू विधायक ब्यास कश्यप, शेषराज हरबंश, कविता प्राण लहरे, चातुरीनंद, संदीप साहू, उत्तरी गनपद, जांगडे, राघवेन्द्र सिंह, रामकुमार यादव, बालेश्वर साहू, इंद्रसाव, पूर्व विधायक चंद्र देव राय सहित प्रदेश के सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष सहित आंचलिक लोग भारी संख्या में शामिल रहे।






## पेज 11 के शेष

### फ्लाइएश ने ग्रामीणों...

त्वचा की समस्याएं और आंखों में जलन आम हो गई हैं। लगातार उड़ती राख दुर्घटनाओं को भी न्योता दे रही है। तिल्दा-खरोरा मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही और सड़क किनारे फ्लाइऐश के ढेरों ने हालात बदतर बना दिए हैं।

### 19 किलो गांजा ...

27 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपी जिला मुंगेली के थाना लालपुर कुधरूताल के रहने वाले हैं।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जब्त सामग्री में गांजा के अलावा मोबाइल फोन और अन्य वस्तुएं शामिल हैं, जिनकी कुल अनुमानित कीमत 1.90 लाख रुपए, और वाहन समेत कुल जब्ती 8.14 लाख रुपयए बताई गई है।

सलीहा पुलिस इस मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है। विदित हो कि बसना से बिलाईगढ़ मार्ग गांजा तस्करों के लिये सुरक्षित मार्ग माना जाता है, लेकिन पुलिस कभी कभार ही गांजा तस्करों को पकड़ पाती है, ऐसे में गांजा का व्यवसाय इस क्षेत्र में जोरों से चल रहा है।

### किसानों की जमीन...

जमीनों पर हाइटेंशन तार के लिए पोल गाड़ रही है। किसानों का आरोप है कि प्रशासन इस काम को सरकारी आदेश बता रहा है, जबकि उन्हें कोई लिखित सूचना या मुआवजा नहीं दिया गया।

**प्रशासन की सफाई, कंपनी का पक्ष नहीं आया सामने:** प्रशासन का दावा है कि निजी कंपनी का यह काम सरकारी आदेश के तहत हो रहा है। हालांकि, निजी कंपनी ने इस मामले पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। किसानों की शिकायतों और बढ़ते आक्रोश को देखते हुए यह मामला गंभीर रूप ले सकता है।

# मदकू द्वीप में महिला समूहों ने चलाया स्वच्छता अभियान

## पर्यटक स्थल पर फैले पतरी, प्लास्टिक, डिस्पोजल सहित अन्य वस्तुओं की सफाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ के धार्मिक और पुरातात्विक महत्व से परिपूर्ण स्थल मदकू द्वीप में सोमवार को स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान हरिहर केदार क्षेत्र में ग्राम पंचायत तुरमा के महिला स्व सहायता समूहों एवं सामाजिक संगठनों के संयुक्त प्रयास से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में ओम स्व सहायता समूह, भारत माता वाहिनी महिला कमांडो समूह, जय मां महामाया युवा प्रभाग तुरमा और पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, जिला बलौदाबाजार की सक्रिय भागीदारी रही। इस समर्पित प्रयास ने न केवल धार्मिक स्थल की स्वच्छता को प्राथमिकता दी, बल्कि पर्यटकों को भी स्वच्छता का संदेश देने में सफलता प्राप्त की।

कार्यक्रम में तीजराम पाल, सरिता बंजारे, सरस्वती साहू,तुरमा की सरपंच लीला परस मनहरे, रोजगार सचिव, नंदलाल पाल, छबिराम पाल, मितानिन समूह में सरोज पाल एवं माहेश्वरी ध्रुव सहित सामाजिक कार्यकर्ता पूनम पाल, केजापाल पाल, बजरीहीन पाल, संमल बाई ध्रुव, विशंभर पाल, पुरुषोत्तम मनहरे सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।






### यहां प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में आते हैं पर्यटक

मदकू द्वीप में प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु एवं पर्यटकों का आगमन होता है, किन्तु यहां फैलता कचरा पत्तल, प्लास्टिक और डिस्पोजेबल सामग्री, स्थल की पवित्रता और सुंदरता को प्रभावित कर रहा था। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए स्थानीय महिला समूहों और युवाओं ने पहली बार संगठित रूप से यह स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया। अभियान के तहत स्वयंसेवकों ने न केवल क्षेत्र की सफाई की, बल्कि वहां आने वाले पर्यटकों को जागरूक करते हुए उनसे अनुरोध किया कि वे स्थल की स्वच्छता बनाए रखें एवं कचरा निर्धारित स्थानों पर ही डालें। इस अभियान में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के जिला संयोजक शुभम कुमार वर्मा ने नेतृत्व किया। उन्होंने कहा, यदि हम अपनी सांस्कृतिक धरोहरों और पर्यावरण की रक्षा स्वयं नहीं करेंगे, तो भविष्य में यह हमारे लिए केवल स्मृति बनकर रह जाएंगे।

### संतों का मार्गदर्शन और प्रेरणा

मदकू द्वीप के संत रामस्वरूप दास ने इस अभियान को सामूहिक तीर्थ सेवा की संज्ञा दी और उपस्थित जनसमूह को आशीर्वाद देते हुए कहा, धार्मिक स्थल केवल आस्था का केंद्र नहीं होते, ये हमारी संस्कृति, मूल्य और विरासत के संवाहक हैं। इनकी रक्षा और स्वच्छता हम सभी का नैतिक दायित्व है।उन्होंने समाज से अनुरोध किया कि ऐसे अभियानों को एक जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाया जाए, जिससे पर्यावरण और सांस्कृतिक स्थलों की रक्षा सुनिश्चित हो सके।

## खबर संक्षेप



### सड़क मरम्मत के लिए नपा अध्यक्ष ने की एसडीओ से चर्चा

**सिमगा।** नगर पालिका अध्यक्ष ने जय स्तंभ चौक के सड़क मरम्मत के लिए एसडीओ लोकनिर्माण से चर्चा की। नगरपालिका सिमगा के अंदरूनी हिस्से से भारी भरकम ओवरलोड वाहनों के आवागमन के चलते नगर के व्यस्ततम जय स्तंभ चौक, रायपुर बाईपास रोड एवं बलौदाबाजार जाने के मुख्य मार्ग का डामरीकरण पिछले चारपांच माह से उखड़ गया है, जबकि जय स्तंभ चौक से होकर प्रतिदिन अनेक वीआईपी लोगों का प्रतिदिन तिल्दा रोड स्थित विश्राम गृह आना जाना लगा रहता है, किन्तु अब तक इस जनहित के समस्या की ओर किसी का ध्यान आकृष्ट नहीं हुआ। नागरिकों का कहना है कि लोकनिर्माण विभाग की उदासीनता एवं निष्क्रियता के चलते चौक एवं रोड के मरम्मत का कार्य नहीं हो सका। इस बाबत नगर के प्रथम नागरिक हरदीप सिंह भाटिया ने क्षेत्र के लोक निर्माण विभाग के एसडीओ साहू के साथ मौका मुआयना कर चौक एवं रोड के मरम्मत हेतु चर्चा किया एवं दिशा निर्देश दिए। इस पर एसडीओ ने शीघ्र मरम्मत करवाने का आश्वासन दिया।

### शराब की अवैध बिक्री पर सरपंच का कड़ा रूख

**खरोरा।** ग्राम पंचायत बुड़ेनी में आमसभा का आयोजन किया गया। वहां नवनिर्वाचित आदिवासी महिला सरपंच उतरा ध्रुव ने कहा कि गांव में अवैध शराब बिक्री किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं है। साथ ही मुख्य रूप से गांव में पेयजल की समस्या, कृषि यंत्र उपलब्ध कराने, समेत गांव विकास के लिए चर्चा की गई। बैठक में सचिव, उपसरपंच, पंच व गांव के वरिष्ठजन मौजूद थे। वहीं लोगों ने एकमत होकर ग्राम विकास में आदिवासी महिला सरपंच का सहयोग करने की बात कही ।

### पिथौरा में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सीएचसी पिथौरा में संपन्न हुए मानसिक स्वास्थ्य शिविर में 26 मरीजों को फ्री मेडिसिन के साथ साइकोसोशल इंटेर्वेशन किया गया। मानसिक तनाव को कम करने के लिए टिप्स भी दिए गए। कैम्प में आए मरीजों और उनके परिजनों का काउंसलिंग भी किया गया। मरीजों को उचित देखभाल करने उनसे सामान्य व्यवहार, तनाव को कम करने की सलाह दी गई।

## मांग : बलौदाबाजार प्रेस क्लब ने पुलिस अधीक्षक से की भेंट

# बलौदाबाजार में ग्रामीण थाने की स्थापना की मांग हुई फिर तेज

दलजीत सिंह चावला ▶▶| बलौदा बाजार

नगर में कानून-व्यवस्था की लगातार बढ़ती चुनौतियों, जनसंख्या में हो रही वृद्धि और बढ़ते आपराधिक मामलों को देखते हुए अब ग्रामीण थाना की स्थापना की मांग एकजुट स्वर में उठने लगी है। वर्तमान में थाना सिटी कोतवाली के अधीन बलौदा बाजार नगर एवं तीन बड़े औद्योगिक सीमेंट संयंत्र जिनकी दो-तीन यूनिट कार्यरत हैं, जिसमें हजारों मजदूर कार्य कर रहे हैं, सहित 76 गांव आते हैं, जिनकी कुल जनसंख्या डेढ़ लाख से ज्यादा है। कोतवाली में 69 स्वीकृत पदों में से केवल 52 पर ही अधिकारी और कर्मचारी कार्यरत हैं, जिससे पुलिस पर अत्यधिक दबाव है।

इन्हीं जमीनी हकीकतों को ध्यान में रखते हुए, बलौदा बाजार प्रेस क्लब के प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता से मुलाकात कर ग्रामीण थाना की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की और औपचारिक मांग की।

बलौदा बाजार में ग्रामीण थाना की स्थापना अब केवल एक मांग नहीं रही, बल्कि यह नगर की सुरक्षा, अपराध नियंत्रण और नागरिकों की न्याय सुलभता के लिए एक अनिवार्य प्रशासनिक निर्णय बन चुकी है। नगर के विभिन्न वर्गों द्वारा उठाई गई यह मांग अब प्रशासनिक स्तर पर संज्ञान में आ चुकी है, और शीघ्र ही इस दिशा में ठोस पहल की उम्मीद की जा रही है।

### प्रशासन ने प्रस्ताव भेजने की कही बात

#### जनता की सुरक्षा जरूरी



ग्रामीण क्षेत्रों में समय पर पुलिस सहायता न मिलने से अनेक अपराध अनियंत्रित रहते हैं। उन्होंने कहा नया थाना जनता में सुरक्षा का भाव पैदा करेगा।नगर के विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक और व्यावसायिक संगठनों ने भी इस मांग का समर्थन किया है।

**-अध्यक्ष नरेश गनशानी** , प्रेस क्लब

#### अपराध पर लगेगी रोक



बलौदा बाजार का तेजी से होता शहरीकरण और बढ़ती जनसंख्या स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि मौजूदा पुलिस व्यवस्था अपर्याप्त है। ग्रामीण थाना की स्थापना से अपराध नियंत्रण और न्याय सुलभता दोनों ही बेहतर होंगे। जिला पंचायत इस मांग का पूर्ण समर्थन करती है।

**-आकांक्षा गोलू** जायसवाल, अध्यक्ष, जिला पंचायत




#### कानून व्यवस्था के लिए जरूरी



नगर का विस्तार और औद्योगिक गतिविधियों में बढ़ोत्तरी कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस व्यवस्था की मांग करता है। ग्रामीण थाना की स्थापना केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि समय की मांग है। नगर पालिका परिषद इस प्रस्ताव का पूर्ण समर्थन करती है और प्रशासन से शीघ्र निर्णय की अपेक्षा करती है।

**-अशोक जैन अध्यक्ष**
बलौदाबाजार नगर पालिका परिषद

#### गंभीरतापूर्वक विचार किया जा रहा



प्रेस क्लब के प्रस्ताव को गंभीरता से लेते हुए कहा, बलौदा बाजार नगर में ग्रामीण थाना की स्थापना हेतु प्रस्तुत मांग पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जा रहा है। हम शीघ्र ही विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर शासन को स्वीकृति हेतु भेजेंगे, ताकि नगर की कानून-व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ की जा सके।

-भावना गुप्ता, पुलिस अधीक्षक,
बलौदाबाजार ने

#### अपराध नियंत्रण जरूरी



वर्तमान सिटी कोतवाली पर अत्यधिक कार्यभार है। नया थाना गठित होने से अपराध नियंत्रण में उल्लेखनीय सुधार होगा।

**-आनंद यादव**, जिलाध्यक्ष, भाजपा

### इस संबंध में प्रमुख जनप्रतिनिधियों और संगठनों ने भी अपनी राय स्पष्ट रूप से रखी



न्याय में विलंब से बचने हेतु पुलिस की त्वरित जांच जरूरी है, जो अतिरिक्त थाना से संभव होगा।

**-शारीख खान**, अध्यक्ष, बार काउंसिल



व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा और बाजार की गतिविधियों के संचालन हेतु पुलिस बल की मौजूदगी महत्वपूर्ण है।

**-जुगल भट्टर**, अध्यक्ष, चैंबर ऑफ कॉमर्स:



महिलाओं की सुरक्षा और शीघ्र कार्रवाई हेतु अतिरिक्त थाना समय की मांग है।

**-सुमित्रा घृतलहरे**, जिलाध्यक्ष, कांग्रेस:



धार्मिक आयोजनों और सामाजिक समरसता बनाए रखने में पर्याप्त पुलिस बल अनिवार्य है।

**-अभिषेक (मिकी) तिवारी**, जिलाध्यक्ष, विश्व हिंदू परिषद:

## हथबंद पंचायत में सफाई अभियान कई स्थानों की गई सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंध

ग्राम पंचायत हथबंद में साफ-सफाई का काम जोरों पर चल रहा है। वार्ड पंच के निर्देशन में सभी जगहों पर कचरा और नाली की सफाई की जा रही है। ग्रामीण इस कार्य की सराहना कर रहे हैं। ग्राम पंचायत हथबंद में 1, 2, 3 वार्ड में सभी जगह साफ सफाई हुई। 4, 5, 6, 7, 8, 10, 11, 12 में सावरा पारा, ब्राम्हण पारा, गायत्री मंदिर, बाजार चौक यादव के घर के सामने, रोहित डॉ. जयमाल, डॉ. पटवारी आफिस कार्यालय, यादव के घर के चारों तरफ, पानी टंकी के पास, नया तालाब के सामने आदि जगह साफ सफाई की गई। पंच, सरपंच, सचिव सहित सभी जिम्मेदार लोगों को धन्यवाद दे रहे हैं।

निरंतर सफाई अभियान से ग्राम पंचायत हथबंद को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में मदद मिलेगी।



ग्रामीणों की प्रतिक्रिया से यह स्पष्ट है कि इस पहल का सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है, जिसमें भाग ले रहे हैं पंच सरपंच अपने-अपने वार्ड के जितने भी गंदगी हैं, उनके द्वारा स्वयं खड़े होकर साफ-सफाई करायी जा रही है, जिसमें मुख्य रूप से सरपंच प्रतिनिधि नरेश अनंत, मुलचंद टंडन, विजय निषाद, सविता बांधे, सुखबती ध्रुव, विमल वर्मा, मीना बघेल, संतराम ध्रुव, भूपेंद्र पाल प्रतिनिधि, दिलीप यादव आदि पंच सहित ग्रामवासी शामिल थे।

## महिला नगर सैनिक भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीयन 30 तक

**बलौदाबाजार।** जिले में 55 महिला नगर सैनिक के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षा में पात्र अभ्यार्थियो के भर्ती हेतु छतीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। लिखित परीक्षा में शामिल होने हेतु व्यापम की साइट पर ऑनलाइन पंजीयन 30 मई तक्र करना होगा, जो अभ्यर्थी व्यापम में ऑनलाइन पंजीयन नहीं कराएंगे, उन्हें परीक्षा में शामिल नहीं किया जाएगा।

# समाधान शिविर में 2069 हितग्राही हुए विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सुशासन तिहार अंतर्गत विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत सकरी में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत 2069 हितग्राहियों क्रो लाभन्वित किया गया। शिविर में 10 पंचायत के लोग शामिल हुए। क

लस्टर में कुल 4470 आवेदन प्राप्ते हुए थे, जिसमें 4438 मांग एवं 32 आवेदन शिकायत से सम्बंधित थे। समाधान शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण एवं योजनाओं की जानकारी दी गई।

कलस्टर सकरी समाधान शिविर में सकरी, दशरमा, खम्हरिया, ठेलकी, कंजी, भरसेला,चाम्पा, पूरेना खपरी, परसाभदेर एवं रिसदा कुल 10 पंचायत शामिल हुए। शिविर में शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया, जिसमें नवीन जांब कार्ड 3, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 7, केसीसी ऋण वितरण 6, खाद एवं बीज वितरण 5, माइक्रो एटीएम 5, स्वायाल हेल्थ कार्ड 5, गोदभराई 5, बी 1 खसरा 55, स्वामित्त्व कार्ड 55 सहित कुल 2069 हितग्राही लाभान्वित हुए। इसके साथ ही विकासखंड भाटापारा के सिंगारपुर पलारी के ओड़ान एवं कसडोल के बल्दाक्रछार में भी समाधान शिविर आयोजित किया गया।





# समिति ने बांटे गर्मी में गौवंश और पक्षियों के लिए कोटना और सकोरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

मानवीय और सामाजिक कर्तव्यों के निर्वहन के उद्देश्य से शक्ति स्वरूपा महिला कल्याण समिति ने एक सराहनीय सेवा कार्य करते हुए भीषण गर्मी में गौवंश और पक्षियों के लिए निःशुल्क कोटना एवं सकोरे का वितरण किया।

यह सेवा कार्यक्रम कसडोल स्थित इंदिरा देवी गौराहा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। समिति की अध्यक्ष वर्षा शर्मा ने बताया कि यह पहल समिति की सामाजिक एवं मानवीय जिम्मेदारियों की भावना से प्रेरित होकर की गई है।

इस पुनीत कार्य में समिति की उपाध्यक्ष दुर्गा पटेल, सचिव डिगेश्वरी नामदेव पार्षद, कोषाध्यक्ष कुमुदिनी मिश्रा, सह सचिव कलाराव, मीडिया प्रभारी वर्षा पंजवानी, सांस्कृतिक प्रभारी राजिम साहू एवं कार्यकारिणी सदस्यगण अंजनी साहू, विनिता मिश्रा, वंदना बंजारे, संध्या तिवारी, सरोज मिश्रा, नेहा मिश्रा, रुखमणि साहू, भावना साहू, मोनिका साहू, लक्ष्मी पैकरा, कंचन बंजारे, संतोषी साहू और परमेश्वरी राव की सक्रिय सहभागिता रही।

समिति द्वारा किया गया यह प्रयास पर्यावरण संरक्षण और जीवों के प्रति दया भाव का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो समाज के लिए प्रेरणास्पद है।







# निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण के लिए 30 तक आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत जिले के युवाओं के लिए जिला मुख्यालय में संचालित विभिन्न कोर्स का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए युवाओं से 30 मई तक आवेदन मंगाया गया है।

प्रशिक्षण में ड्युटी असिस्टेंट, सोलर पेनल इंस्टॉलेशन टेक्नीशियन, गुड सर्विस टैक्स (जीएसटी), जल वितरण संचालक, योगा इंस्ट्रक्टर, असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, फिश सीड ग्रोवर, गार्डनर एवं भाटापारा में संचालित कोर्स मोबाइल फोन हार्डवेयर रिपेयर टेक्नीशियन, रिटेल सेल्स एसोसिएट, कसडोल में संचालित



कोर्स मैनुअल मेटल आर्क वेल्डिग प्रशिक्षण शामिल हैं। इसके लिए शैक्षणिक योग्यता 5वीं, 10वी, 12वी उत्तीर्ण और उम्र 18 से 45 वर्ष रखी गई है। आवश्यक दस्तावेज, शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 नग पासपोर्ट फोटो, राशन कार्ड, जिला कौशल विकास प्राधिकरण बलौदाबाजार, संयुक्त जिला कार्यालय, परिसर कक्ष क्र.-70 एवं जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सकरी बलौदाबाजार में 30 मई तक आवेदन जमा कर सकते हैं।

## नगर में श्रीनिधि की भागवत कथा जारी

# भागवत कथा से मिलता है जीवन मूल्य और धन के सात्विक उपयोग की प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के छठवें दिवस की कथा का भावपूर्ण आयोजन श्री मंदिर प्रांगण में संपन्न हुआ। इस आयोजन में कथा वाचक श्रीनिधिजी ने श्रद्धालुओं को जीवन मूल्यों और धन के आध्यात्मिक उपयोग की प्रेरणा दी।



कथा के दौरान श्रीनिधि ने कहा कि, हमारे पास जो भी लक्ष्मी (धन) है, उसका उपयोग यदि नारायण ईश्वर की सेवा में किया जाए, तो वही धन जीवन में उन्नति और पुण्य का कारण बनता है। लक्ष्मी का सच्चा उपयोग यज्ञ, भगवत कथा और दरिद्र नारायण की सेवा में है। यदि यह लक्ष्मी ईश्वर की सेवा में नहीं लगाई जाती, तो नारायण स्वयं उसका हरण कर लेते हैं।

उन्होंने कहा कि हमें या तो लक्ष्मी का पुत्र बनकर उसका संरक्षण करना चाहिए या पिता बनकर उसे ईश्वर को समर्पित कर देना चाहिए। यही सच्ची भक्ति और धर्म का मार्ग है।सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन तिवारी परिवार द्वारा कराया जा रहा है, जिसमें नगर के सैकड़ों श्रद्धालु प्रतिदिन भाग लेकर कथा श्रवण का लाभ उठा रहे हैं। आयोजन से जुड़े सुमित तिवारी ने बताया कि इस ज्ञान यज्ञ में महिला रामायण मंडली भजन समूह का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। भजन, कथा और प्रवचन के माध्यम से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है और नगरवासी आध्यात्मिक आनंद से अभिभूत हो रहे हैं। आयोजन में श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहकर धर्म और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्राप्त कर रहे हैं।



